जिले की संक्षिप्त खबरें

कोटिया बहने बनी बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की बनी जिला ब्रांड एंबेसडर

शतरंज खिलाड़ी तनिष्का कोटिया और रिद्धिका कोटिया को पत्र सौंपते अधिकारी।

गुड़गांव, 19 फरवरी (ब्यूरो): अंतर्राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी तनिष्का कोटिया और रिद्धिका कोटिया को भारत सरकार की योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए जिला गुरुग्राम ब्रांड एंबेसडर घोषित किया गया। यह परिवार के लिए गर्व का विषय है। दोनों बहनों के पिता अजीत कोटिया ने बताया कि दोनो बच्चे कड़ी मेहनत कर हमारे सपनों को साकार कर रहे हैं। उनकी प्रतिभा को पहचानने के लिए गुरुग्राम प्रशासन के आभारी हैं। मां निधि कोटिया ने बताया दोनों बच्चियां खेलों के साथ-साथ पढ़ाई में भी अच्छी हैं। हरियाणा राज्य शतरंज संघ के सचिव नरेश शर्मा और जिला संघ शतरंज सचिव चौहान ने दोनों बहनों को बधाई और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। दोनों बहनों ने इस नोबल कॉज के लिए उन्हें चुने जाने के लिए प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि वह पढ़ाई ,शतरंज के साथ-साथ समाज के उत्थान के लिए हमेशा अग्रसर रहेंगी।